[This question paper contains 10 printed pages.]

**7970**

*Your Roll No.* .............

*आपका अनुक्रमांक* .............

**LL.B./II Term** **ES**

Paper – LB – 201 : LAW OF EVIDENCE

*Time : 3 Hours* *Maximum Marks : 100*

*समय : 3 घण्टे* *पूर्णांक : 100*

*(Write your Roll No. on the top immediately on receipt of this question paper.)*

*(इस प्रश्न-पत्र के मिलते ही ऊपर दिए गए निर्धारित स्थान पर अपना अनुक्रमांक लिखिए ।)*

*Note :– Answers may be written either in English or in Hindi; but the same medium should be used throughout the paper.*

*टिप्पणी :– इस प्रश्न-पत्र का उत्तर अंग्रेज़ी या हिन्दी किसी एक भाषा में दीजिए; लेकिन सभी उत्तरों का माध्यम एक ही होना चाहिए ।*

*Answer any* **5** *questions.*

**All** *questions carry equal marks.*

कुल **पाँच** प्रश्नों के उत्तर लिखिए ।

**सभी** प्रश्नों के अंक समान हैं ।

P.T.O.

1. Under what provisions of the Indian Evidence Act, 1872 are the following relevant :–

   (a) 'X' is charged with the murder of 'Y' in Bangalore. 'X' shows a railway ticket of the train he boarded a day before the murder was committed and also the bills payed by him at the hotel in Delhi where he stayed for four days.

   (b) The question is whether 'A' robbed 'B'. The fact that after 'B' was robbed, 'C' said in A's presence ____" the police are coming to look for the man who robbed 'B' and immediately afterwards 'A' ran away.

   (c) The question is whether 'M' robbed 'N'. The facts that, shortly before the robbery, 'N' went to a fair with money in his possession and that he showed it, or mentioned that he had it, to third persons.

   (d) 'A' sues 'B' for including 'C' to break a contract of service made by him with 'A'. 'C', on leaving A's service says to A ____" I am leaving you because 'B' has made a better offer to me."

(20)

भारतीय साक्ष्य अधिनियम, 1872 के किन उपबंधों के अधीन निम्नलिखित सुसंगत हैं :

(क) 'X' पर बंगलौर में 'Y' की हत्या का आरोप लगा है। X उस ट्रेन के रेलवे टिकट को जिसमें वह जिस दिन हत्या की गई थी उससे एक दिन पूर्व सवार हुआ था और दिल्ली में जिस होटल में वह चार दिन के लिए रुका था उसमें उसके द्वारा अदा किए गए बिल को दिखाता है।

(ख) प्रश्न है क्या 'A' ने 'B' को लूट लिया। तथ्य है कि B के लूटे जाने के बाद 'C' ने A की उपस्थिति में कहा था – "पुलिस उस आदमी की तलाश में आ रही है जिसने 'B' को लूटा था" और इसके तत्काल बाद 'A' वहां से भाग गया।

(ग) प्रश्न है क्या 'M' ने 'N' को लूटा था। तथ्य हैं कि लूटपाट से कुछ पहले 'N' धनराशि के साथ मेला गया था और उसने इसको अन्य व्यक्तियों को दिखाया अथवा बताया कि उसके पास धन है।

(घ) 'A' ने 'B' पर 'C' को उसके द्वारा 'A' के साथ की गई सेवा की संविदा को तोड़ने हेतु उत्प्रेरित करने के लिए वाद चलाया। 'C' ने 'A' की सेवा छोड़ने पर 'A' से कहा – "मैं आपको इसलिए छोड़ रहा हूं क्योंकि 'B' ने मुझे बेहतर प्रस्ताव पेश किया है।"

2. 'A' agreed to supply 'B' with only one packet of explosive, enough for the purpose of blowing up a railway bridge. 'B' along with 'C' utilised the

explosive for the purpose of blowing the bridge. The attempt proved unsuccessful. Next day 'B' sent a letter to 'A' describing the unsuccessful attempt and asked if, he could supply some more explosive. The said letter, before it could reach 'A' was intercepted during the post and handed over to the police. A, B, C, were tried for the conspiracy to blow up the railway bridge.

Whether Prosecution can be allowed to prove the aforesaid letter written by 'B' to 'A' to prove the charge of conspiracy against 'A' ? Discuss with reference to the relevant case law. (20)

'A' रेलवे पुल उड़ाने के लिए पर्याप्त विस्फोटक का केवल एक पैकेट B को सप्लाई करने के लिए राजी हो गया। 'B' ने 'C' के साथ पुल उड़ाने के प्रयोजन हेतु विस्फोटक का उपयोग किया। प्रयास असफल साबित हुआ। अगले दिन 'B' ने असफल प्रयास का वर्णन करते हुए 'A' को एक पत्र भेजा और पूछा कि क्या वह कुछ और विस्फोटक सप्लाई कर सकता है। उक्त पत्र 'A' के पास पहुंचने से पूर्व ही डाक के दौरान अन्तर्रुद्ध कर लिया गया तथा पुलिस को सौंप दिया गया। A, B, C का रेलवे पुल को उड़ाने के लिए षड़यंत्र हेतु विचारण किया गया।

क्या अभियोजन को 'A' के विरूद्ध षड़यंत्र का आरोप साबित करने के लिए 'B' द्वारा 'A' को लिखे गए पूर्वोक्त पत्र को साबित करने की अनुमति दी जा सकती है ? सुसंगत निर्णय विधि के निर्देश सहित विवेचन कीजिए।

3. 'X' is accused of murdering his uncle 'Y' and his Cousins 'Z' and 'T' with a knife. After committing the murder he kept the dead bodies on the railway track and went to the police station and lodged a FIR and signed the same. The same day police recovered the dead bodies and the knife from the house of X, when pointed out by the accused 'X'. There is no eyewitness or direct evidence of the crime but the medical report confirmed the wounds caused by a sharp weapon.

Can 'X' be convicted on the basis of this confessional statement ? Decide with the help of law and cases. (20)

'X' पर चाकू से अपने चाचा 'Y' और अपने चचेरे भाइयों- 'Z' तथा 'T' की हत्या करने का अभियोग लगा है। हत्या करने के बाद उसने शवों को रेलवे ट्रैक पर रख दिया और पुलिस स्टेशन जाकर प्रथम इत्तिला रिपोर्ट लिखवाई और उस पर हस्ताक्षर किए। उसी दिन पुलिस ने शवों को और जब अभियुक्त X ने संकेत दिया तब X के घर से चाकू को बरामद कर लिया। इस अपराध का कोई प्रत्यक्षदर्शी साक्षी या प्रत्यक्ष साक्ष्य नहीं हैं। किन्तु चिकित्सा रिपोर्ट ने तेज हथियार द्वारा कारित घाव की पुष्टि की।

क्या X इस इक़बालिया बयान के आधार पर दोषसिद्ध किया जा सकता है ? विधि और केसों की सहायता से विनिश्चय कीजिए।

4. (a) What is the test laid down by the judiciary for the reliability of a dying declaration.

(b) 'A', the deceased wife was married to 'B' in Jan, 2014. The couple lived together peacefully but six months after marriage, disputes arose between them. 'A' complained to her parents on several occasions about harassment to her by the husband and in-laws through letters. On 30th March, 2015, 'A' was admitted to the hospital with 80% burns. The police and the Magistrate was informed. The statement of 'A' was recorded by the Magistrate in the presence of police and the doctor on the duty. 'A' became unconscious before he could answer the last question — "What move you want to say ?" A died the same day. 'A' had made her husband, sister in-law and mother-in-law responsible for burning her as per her statement made to the magistrate.

Can the accused persons be convicted on the basis of uncorroborated dying declaration alone ? Discuss with relevant case law. (20)

(क) मृत्युकालिक कथन की विश्वसनीयता हेतु न्यायपालिका द्वारा अधिकथित परीक्षण क्या है ?

(ख) मृत पत्नी 'A' का 'B' के साथ विवाह जनवरी, 2014 में हुआ था। यह दम्पति इकट्ठा शांतिपूर्वक रहता था पर विवाह के छह

मास बाद उनके बीच विवाद पैदा हो गया। 'A' ने अनेक अवसरों पर पत्रों के जरिये अपने माता-पिता को उसके पति तथा सास-ससुर द्वारा दी जाने वाली प्रताड़ना की शिकायत की थी। 30 मार्च, 2015 को 'A' को 80% जलन के साथ अस्पताल में भर्ती किया गया। पुलिस द्वारा मजिस्ट्रेट को सूचित कर दिया गया। पुलिस तथा ड्यूटी पर तैनात डॉक्टर की उपस्थिति में मजिस्ट्रेट ने 'A' का बयान रिकार्ड किया था।

अंतिम प्रश्न - "आप ओर क्या कहना चाहती हैं ?- का उत्तर देने से पूर्व 'A' अचेत हो गई। 'A' की उसी दिन मृत्यु हो गई। मजिस्ट्रेट को दिए गए उसके बयान के अनुसार A ने उसको जलाने के लिए अपने पति, ननद और सास को उत्तरदायी बनाया।

क्या अभियुक्त व्यक्तियों को अकेले अपुष्ट मृत्युकालिक कथन के आधार पर दोषसिद्ध किया जा सकता है। सुसंगत निर्णय विधि सहित विवेचन कीजिए।

5. (a) X's daughter 'Y' was married to 'Z'. During April 2012, 'Y' was residing with her parents at Cochin. 'Z' wrote three letters to 'Y' from Bombay, which contained defamatory imputations about 'X'. As a result 'X' filed a complaint against 'Z' charging him offence of defarmation. 'Z' raised the objection that the three letters which formed the sole basis of the complaint were inadmissible in evidence.

Is the objection of 'Z' sustainable ? Decide with the help of case law.

(b) A falsely makes B to believe that A is the owner of a property and sells it to B. Subsequently A inherits the same property on the death of his father. Whether A will be precluded to contend that he was not the owner of property at the time of sale ? Discuss. (20)

(क) 'X' की पुत्री 'Y' का विवाह 'Z' के साथ हुआ था। अप्रैल 2012 के दौरान 'Y' अपने माता-पिता के पास कोचिन में रह रही थी। 'Z' ने बम्बई से 'Y' को तीन पत्र लिखें जिनमें 'X' के बारे में मानहानिकारक लांछन लगाए गए थे। इसके परिणामस्वरूप X ने उस पर मानहानि के अपराध का आरोप लगाते हुए 'Z' के विरूद्ध परिवाद फाइल कर दिया। Z ने आपत्ति उठाई कि वे तीन पत्र साक्ष्य से अग्राह्य थे जिनको परिवाद का एकमात्र आधार बनाया गया था।

क्या Z की आपत्ति समर्थनीय है ? निर्णय विधि की सहायता से विनिश्चय कीजिए।

(ख) 'A', 'B' को मिथ्या विश्वास दिलाता है कि A सम्पत्ति का स्वामी है जिसे वह 'B' को बेच देता है। बाद में 'A' अपने पिता की मृत्यु के पश्चात उसी सम्पत्ति को विरासत में पा लेता है। क्या 'A' यह प्रतिवाद करने से प्रवारित होगा कि वह विक्रय के समय सम्पत्ति का स्वामी नहीं था। विवेचन कीजिए।

6. (a) Explain what is conclusive proof and how its evidentiary value is different from that of other kinds of presumption.

(b) A Hindu women was married to M in June, 2000. She was divorced by her husband on 21st Nov., 2002. After divorce she married another man 'T' on March, 2003 and gave birth to a daughter on 24th Aug., 2003.

'T' challenges the legitimacy of the daughter born. Will he succeed ? Decide. (20)

(क) स्पष्ट कीजिए निश्चायक सबूत क्या है और इसका साक्ष्यिक मूल्य किस प्रकार अन्य प्रकार की उपधारणाओं से भिन्न है ?

(ख) एक हिन्दू नारी का जून, 2000 में M के साथ विवाह हुआ था। 21 नवम्बर, 2002 को उसके पति ने उसे तलाक दे दिया। तलाक के बाद उसने मार्च 2003 में अन्य पुरूष 'T' से विवाह कर लिया और 24 अगस्त, 2003 को उसने एक पुत्री को जन्म दिया।

'T' पैदा हुई पुत्री की धर्मजता को आक्षेपित करता है। क्या वह सफल होगा ? विनिश्चय कीजिए।

7. "An accomplice is unworthy of credit unless corroborated in material particulars."

Explain it with reference to relevant statutory provisions and case law on this aspect. (20)

"सह – अपराधी तब तक विश्वास के अयोग्य होता है जब तक तात्विक विशिष्टियों से पुष्टि नहीं होती है।" सुसंगत कानूनी उपबंधों और तत्सम्बंधी निर्णय विधि के निर्देश सहित व्याख्या कीजिए।

8. Write short notes on any **two** of the following :

(a) Hostile Witness

(b) Relevancy of Admissions

(c) Res-Gestae (20)

निम्नलिखित में से किन्हीं दो पर संक्षिप्त टिप्पणी लिखिए :

(क) पक्षद्रोही साक्षी

(ख) स्वीकृति की सुसंगति

(ग) संबंधित तथ्य और कार्य